फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट – कोतवाली फर्रुखाबाद

दिनांक - 23.06.2026

राज्य सरकार की स्मार्ट पुलिसिंग पहल के अन्तर्गत कोतवाली फर्रूखाबाद पुलिस द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने वाली 01 महिला से 02 कंगन पीली धातु व 6,36,150/- रूपये नगद 24 घण्टे के अन्दर बरामद किये गये।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री यमुना प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फर्रुखाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 128/2026 धारा 123/305 बीएनएस में वांछित अभियुक्ता को चोरी किये गये दो कंगन पीली धातु व 6,36,150/- रूपये नगद बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 22.06.2026 को वादी श्री प्रशान्त वर्मा पुत्र स्व0 रामशंकर वर्मा निवासी कूंचा भवानी दास कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा लिखित तहरीर अभियुक्ता द्वारा वादी की पत्नी को नशीला पदार्थ पिलाकर घर मे रखा जेवर चोरी लेने के सम्बन्ध में दी गई। सूचना पर तत्काल कोतवाली फर्रूखाबाद पर मु0अ0सं0 128/2026 धारा 123/305 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचना के क्रम में कोतवाली फर्रूखाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्ता को चोरी किये गये दो कंगन पीली धातु व 6,36,150/- रूपये नगद बरामद कर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्ता से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मुझ पर काफी कर्जा हो गया था। जब मुझे कोई रास्ता समझ नही आया तब मैं प्रशान्त वर्मा के घर पर गई और उनकी पत्नी को कोल्डड्रिंक मे अल्फ्राजोल 0.5 टेबलेट मिलाकर पिला दी तथा बेहोश हो जाने पर अलमारी में रखे जेवर चोरी कर लिये तथा उन्हे गलवाकर सर्राफा बाजार में एएम गोल्ड बुलियन रिफायनरी एण्ड टेस्टिंग से टंच करवाकर अलग-अलग दुकानो पर बेचकर नगद भुगतान प्राप्त किया था तथा दो कंगन बचा लिये थे। मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई है,मुझ माफ कर दीजिए।

अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 128/26 धारा 123/305/317(2) बीएनएस कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़।

बरामदगी का विवरण:-

01. दो कंगन पीली धातु
02. 6,36,150/- रूपये नगद

बरामदगी करने वाली कोतवाली फर्रूखाबाद पुलिस:-

01. थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह गहलोत
02. उ0नि0 श्री ज्ञान प्रकाश पाण्डेय
04. का0 ईशु कुमार
05. म0का0 कुसुमा
06. म0का0 निशा

मीडिया सेल फतेहगढ़।